# भारतीय बासमती चावल का निर्यात वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1,922.75 करोड़ रुपये बढ़ा

कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (ए पी डा) द्वारा एकत्र जानकारी के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-24 (अप्रैल-मार्च) में भारत ने लगभग 50,312.01 करोड़ रुपये (करीब 5.87 अरब डॉलर) के बासमती चावलों का निर्यात किया जो कि  2022-23 वित्तीय वर्ष से करीब 9,865.1 करोड़ रुपये अधिक है।

कोलकाता स्थित वाणिज्यिक जानकारी एवं सांख्यिकी महानिदेशालय (डी जी सी आई एस) द्वारा संकलित आंकड़ों का हवाला देते हुए ए पी डी ने कहा कि रुपयों में मूल्य में, भारतीय बासमती चावल का निर्यात पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 2024-25 में लगभग 3.97% अधिक है।

डी जी सी आई एस के आंकड़ों के अनुसार, भारत ने 2023-24 में लगभग 52.42 लाख मीट्रिक टन बासमती चावल का निर्यात किया, जिसकी कीमत 48,389.26 करोड़ रुपये (5.74 अरब डॉलर) थी।

देश ने 2024-25 में लगभग 60.65 लाख मीट्रिक टन बासमती चावल का निर्यात किया, जो 2023-24 से लगभग 8.23 लाख मीट्रिक टन (15.7%) अधिक है।

डी जी सी आई एस के आंकड़ों के अनुसार, भारत ने 2024-25 में 154 देशों को बासमती चावल का निर्यात किया था, जबकि 2023-24 में भारत ने 150 देशों को यह जिंस बेची था।

2024-25 में मात्रा में 11.73 लाख मीट्रिक टन से सऊदी अरब, भारतीय बासमती चावल का सबसे बड़ा आयातक था। इसके बाद इराक (9.05 लाख मीट्रिक टन) और इरान (8.24 लाख मीट्रिक टन) थे। 2023-24 में भी यह देश चोटी के तीन आयातक थे, जिन्होंने क्रमशः 10.98 लाख मीट्रिक टन, 8.24 लाख मीट्रिक टन और 6.7 लाख मीट्रिक टन बासमती चावल की खरीद की।

अन्य बड़े आयातकों में यमन गणराज्य (3.92 लाख मीट्रिक टन), संयुक्त अरब अमीरात (3.89 लाख मीट्रिक टन), संयुक्त राज्य अमेरिका (2.74 लाख मीट्रिक टन), यूनाइटेड किंगडम (1.80 लाख मीट्रिक टन), कुवैत (1.75 लाख मीट्रिक टन), ओमान (1.49 लाख मीट्रिक टन) और कतर (1.24 लाख मीट्रिक टन) शामिल हैं।

सबसे बड़े 10 भारतीय चावल का आयात करने वाले देशों में संयुक्त अरब अमीरात (3.08 लाख मीट्रिक टन), यमन गणराज्य (3.07 लाख मीट्रिक टन), संयुक्त राज्य अमेरिका (2.34 लाख मीट्रिक टन), यूनाइटेड किंगडम (1.85 लाख मीट्रिक टन), कुवैत (1.79 लाख मीट्रिक टन), ओमान (1.64 लाख मीट्रिक टन) और कतर (1.15 लाख मीट्रिक टन) शामिल हैं।

मूल्य के संदर्भ में रुपयों में, सऊदी अरब भारतीय बासमती चावल के लिए 10,190.73 करोड़ रुपये का भुगतान करने वाला सबसे बड़ा खरीदार था। इसके बाद इराक (7,201.23 करोड़ रुपये), ईरान (6,374.29 करोड़ रुपये), संयुक्त अरब अमीरात (3,089.47 करोड़ रुपये), यमन (3,038.56 करोड़ रुपये) और अमेरिका (2,849.16 करोड़ रुपये) थे।

मूल्य के संदर्भ में भारतीय बासमती चावल के अन्य बड़े आयातकों में यूनाइटेड किंगडम (1,613.36 करोड़ रुपये), कुवैत (1,518.8 करोड़ रुपये), ओमान (1,223.16 करोड़ रुपये) और कतर (1,040.1 करोड़ रुपये) शामिल हैं।

**वित्तीय वर्ष 2024-25 (अप्रैल-मार्च) में बासमती चावल का भारत का निर्यात**

| **चोटी के 10 देश** | **मात्रा मीट्रिक टन में** | **मूल्य करोड़ रुपये में** | **मूल्य अरब डॉलर में** |
|---|---|---|---|
| सऊदी अरब | 11,73,833.31 | 10,190.73 | 1.2 |
| ईराक | 9,05,598.90 | 7,201.23 | 0.85 |
| इरान | 8,55,132.87 | 6,374.29 | 0.75 |
| यमन गणराज्य | 3,89,148.26 | 3,089.47 | 0.36 |
| संयुक्त अरब अमीरात | 3,92,180.74 | 3,038.56 | 0.36 |
| संयुक्त राज्य अमेरिका | 2,74,213.14 | 2,849.16 | 0.34 |
| यूनाइटेड किंगडम | 1,80,951.39 | 1,613.37 | 0.19 |
| कुवैत | 1,75,000.19 | 1,518.80 | 0.18 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| ओमान | 1,49,148.11 | 1,223.16 | 0.14 |
| कतर | 1,24,557.34 | 1,040.10 | 0.12 |
| **कुल मिलाकर** | 60,65,483.45 | 50,312.01 | 5.87 |

**स्रोत:** वाणिज्यिक जानकारी एवं सांख्यिकी महानिदेशालय (डी जी सी आई एस), कोलकाता